लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

आज़ादी का अमृत महोत्सव राष्ट्र को श्रेष्ठ ही नहीं बल्कि सर्वश्रेष्ठ बनाने का संकल्प है: लोक सभा अध्यक्ष / AZADI KA AMRIT MAHOTSAV IS A RESOLVE TO MAKE INDIA THE GREATEST NATION: SPEAKER OF THE LOK SABHA

…

विश्व में भारत का अध्यात्म, साहित्य, विज्ञान, राजनय, कला इत्यादि, सभी क्षेत्रों में योगदान अद्वितीय है: लोक सभा अध्यक्ष / INDIA'S CONTRIBUTION TO THE WORLD IS UNPARALLELED IN FIELDS OF SPIRITUALITY, LITERATURE, SCIENCE, DIPLOMACY, ART: LOK SABHA SPEAKER

…

New Delhi 18 April 2022: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla today addressed the "India @ 75 – Azadi ka Amrit Mahotsav". Speaking on the occasion, Shri Birla said that the Azadi ka Amrit Mahotsav is an initiative which aims at connecting citizens nation building. He further said that this Mahotsav is a resolve to make India the greatest.

In the context of World Heritage Day being celebrated today, Shri Birla remembered the naiton’s ancient heritage and said that India's contribution to the world is unparalleled in the fields of spirituality, literature, science, diplomacy, art etc. Referring to the country's democratic system, Shri Birla said that democracy has existed in India for thousands of years and the Azadi ka Amrit Mahotsav is an attempt to utilize this ancient strength in nation building. Speaking about the incredible journey of Indian democracy, Shri Birla said that Indian democracy has been strengthened continuously and the participation and faith of the people in democratic processes has only increased.

Referring to the global challenges facing the nation, Shri Birla said that Indian youth as teachers, innovators, entrepreneurs, civil servants, etc. dedicate their talents towards nation building. Shri Birla further said that Indian youth today are creating Unicorns, start ups through information technology, which are easing the lives of citizens – the youth are not looking for employment but providing employment.

MoS in Ministry of Skill Development and Entrepreneurship and Ministry of Electronics and Information Technology Shri Rajeev Chandrasekhar also participated in this program.

नई दिल्ली 18 अप्रैल 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज "इंडिया @ 75 - आज़ादी का अमृत महोत्सव" सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि आज़ादी का अमृत महोत्सव ऐसी पहल है जिसके अंदर राष्ट्र के नवनिर्माण से राष्ट्र के नागरिकों को जोड़ने की भावना है। उन्होंने आगे कहा कि यह महोत्सव राष्ट्र को श्रेष्ठ ही नहीं बल्कि सर्वश्रेष्ठ बनाने का संकल्प है।

आज मनाये जा रहे विश्व धरोहर दिवस के परिपेक्ष में श्री बिरला ने भारत की प्राचीन धरोहर को याद करते हुए कहा कि विश्व में भारत का अध्यात्म, साहित्य, विज्ञान, राजनय, कला इत्यादि, सभी क्षेत्रों में योगदान अद्वितीय है। देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत में लोकतंत्र हजारों वर्षों से है और आजादी का अमृत महोत्सव हमारी इसी प्राचीन शक्ति को राष्ट्र के नवनिर्माण में उपयोग करने का प्रयास है। भारतीय लोकतंत्र की अतुल्य यात्रा के विषय में श्री बिरला ने कहा कि देश में लोकतंत्र निरंतर सशक्त हुआ है, जनता की लोकतान्त्रिक प्रक्रियाओं में भागीदारी व् आस्था बढ़ी है।

राष्ट्र की विकास यात्रा में आने वाली वैश्विक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि महामारी, जल वायु परिवर्तन जैसी कठिनाइयों के लिए देश के युवाओं को शिक्षक, innovator, उद्यमी, सिविल सर्वेन्ट आदि के रूप में अपनी प्रतिभा राष्ट्र निर्माण के कार्य में समर्पित करनी होगी। श्री बिरला ने आगे कहा कि भारतीय युवा आज सूचना प्रौद्योगिकी

के माध्यम से स्टार्ट अप्स, unicorns बना रहे हैं, जिनके द्वारा नागरिकों का जीवन आसान हो रहा है- वे रोजगार नहीं ढूंढ रहे बल्कि रोजगार दे रहे हैं।

इस कार्यक्रम में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉरनिक्सन सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर भी शामिल हुए।